**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 28.08.2024 समय : 0705

**<><><><><><><>**

- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने की ओर कदम बढ़ाया गया है।
- प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम के तहत स्थापित किए गए वर्तमान इकाईयों का विस्तार और इसमें सुधार के लिए वित्तीय सहयोग देने का प्रावधान किया गया है।
- द्वीपसमूह में अगले महीने की एक तारीख से सातवां राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जाएगा।
- पोर्ट ब्लेयर मे अगले महीने की दो तारीख से लेकर छः तारीख तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा।
- एम. वी. स्वराजद्वीप आज शाम चार बजे पोर्ट ब्लेयर से कोलकाता के लिए रवाना होगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने की ओर कदम बढ़ाया गया है और इस ओर ज्यादा ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। विद्युत विभाग के निदेशक डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्यघर बिजली योजना के अलावा सभी कार्यालयों में सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है और सेकी निजी घरों में भी इसके इस्तेमाल के लिए शुरूआत में तीस हजार घरों के लिए टेंडर का काम शुरू कर दिया गया है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम के तहत स्थापित किए गए वर्तमान इकाईयों का विस्तार और इसमें सुधार के लिए वित्तीय सहयोग देने का प्रावधान किया गया है। ऐसी इकाईयां जिनका प्रदर्शन और लाभांश काफी बेहतर है, वे निर्माण इकाईयां स्थापित करने के लिए एक करोड़ रूपये तक की और वित्तीय सहायता, सेवा या कारोबारी गतिविधियां चलाने के लिए पच्चीस लाख रूपये तक की वित्तीय सहयोग पाने के हकदार है। ये सहयोग बैंकों के माध्यम से सरकार द्वारा पन्द्रह प्रतिशत की रियायत पर सभी श्रेणियों के लाभार्थियों को दिया जाएगा। परियोजनाओं के विस्तार या सुधार के लिए लाभार्थियों को दस प्रतिशत का योगदान देना होगा। वर्तमान की सभी इकाईयां जो योजना के तहत दूसरा ऋण लेना चाहते हैं, उन्हें खादी ग्रामोद्योग आयोग की पोर्टल पर जरूरी दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन करना होगा। अधिक जानकारी के लिए मिडिल प्वाइंट स्थित ज़िला उद्योग केन्द्र या खादी ग्रामोद्योग बोर्ड से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में अगले महीने की एक तारीख से सातवां राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जाएगा। माह के दौरान कुपोषण को खत्म करने और इससे बचने के उपायों पर जागरूकता उत्पन्न करने के अलावा लक्षित समूह को अनुपूरक पोषाहार और अन्य आयामों की जानकारी दी जाएगी। समाज कल्याण विभाग ने पोषण माह में सभी से सहयोग देने और इसे जन–आंदोलन बनाने का अनुरोध किया है। सभी विभागों, पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों और नागरिक समाज संगठनों के सहयोग से इस माह को कामयाब बनाया जा सकेगा।

इस बीच, विभाग की ओर से नशामुक्त भारत अभियान के तहत समाज को नशामुक्त बनाने के लिए गैर सरकारी संगठनों और अवकाश प्राप्त वरिष्ठ सरकारी कर्मचारियों से नामांकन आमंत्रित किया है। दो सितम्बर तक इच्छुक सभी संगठन और कर्मचारी समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट पर मेल के जरिए नामांकन जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

चिकित्सा पेशेवरों की सुरक्षा और कामकाजी परिस्थितियों के बारे में सिफारिशें करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित राष्ट्रीय टास्क फोर्स, एन.टी.एफ. की पहली बैठक कल आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कैबिनेट सचिव ने की जिसमें गृह सचिव और स्वास्थ्य सचिव समेत सभी सदस्य उपस्थित थे। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई और सदस्यों ने अपने सुझाव रखे।

<><><><><><><>

भारतीय चिकित्सा वैज्ञानिकों ने पार्किंसंस रोग की औषधि की मात्रा संयोजित करने के लिए नया स्मार्ट सेंसर विकसित किया है। स्मार्ट फोन आधारित यह सेंसर किफायती है और इसका उपयोग भी सरल है। सेंसर की मदद से शरीर में एल डोपा की सही मात्रा का पता लगाया जा सकेगा और दवा की आवश्यक मात्रा भी निर्धारित की जा सकेगी।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर मे अगले महीने की दो तारीख से लेकर छः तारीख तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। न्यायिक सदस्य उर्मिता दत्ता सेन और प्रशासनिक सदस्य सुचितो कुमार दास की खंड पीठ मामलों की सुनवाई करेंगी। नए आवेदन भी इसमें स्वीकार किए जाएंगे। जिन विभागों के मामले कैट के समक्ष विचाराधीन है, उन्हें सरकारी वकील से दस्तावेजों के साथ संपर्क करने को कहा गया है। विभागाध्यक्षों से भी कहा गया है कि वे सुनवाई के दिन जरूरी दस्तावेजों के साथ अपने नोडल अधिकारियों को कैट में उपस्थित रहने का निर्देश दें।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में तीस अगस्त को भूकंप और सुनामी पर राज्य स्तरीय बनावटी अभ्यास का आयोजन किया जाएगा। इस सिलसिले में आज आपदा प्रबंधन निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में दिन में दस बजे से टेबल टॉप अभ्यास का आयोजन होगा।

उधर, लोगों में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए मध्योत्तर अंडमान ज़िला पुलिस की ओर से सभी पुलिस थानों में मोटर साइकिल रैली निकाली गई। रैली के अलावा कई स्थानों पर नुक्कड़ सभाएं आयोजित कर समुदाय को बनावटी अभ्यास के बारे में जानकारी दी गई। इन्हें प्राकृतिक आपदाओं के समय सुरक्षित रहने के तरीकों की भी जानकारी दी गई।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए उम्मीदवार ऑफलाइन मोड पर इक्कतीस अगस्त तक आवेदन जमा कर सकते हैं। अस्थाई योग्यता सूची तीन सितम्बर को जारी की जाएगी। दावे और आपत्तियां चार सितम्बर को स्वीकार किए जाएंगे। अंतिम वरीयता सूची पांच सितम्बर को जारी की जाएगी। प्रवेश के लिए परामर्श छः सितम्बर को निर्धारित किया गया है। आवेदन फार्म सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है।

उधर, डीब्रेट और डिगलीपुर के राजकीय बहुशिल्प संस्थान में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए बचे हुए उम्मीदवारो के लिए सामान्य कॉलेज प्रवेश पोर्टल के माध्यम से आवेदन करने की आज अंतिम तिथि हैं। ऑनलाइन आवेदन जमा करने के बाद ऐसे उम्मीदवार इक्कतीस अगस्त को खाली पड़े सीटों में प्रवेश के लिए सीधे इन संस्थानों में पहुंच सकते हैं।

<><><><><><><>

एम. वी. स्वराजद्वीप आज शाम चार बजे पोर्ट ब्लेयर से कोलकाता के लिए रवाना होगा। जहाज़ में यात्रियों को चढ़ाने का कार्य दोपहर बाद दो बजे से किया जाएगा।

<><><><><><><>

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान कर्मचारी कल्याण संघ और प्रजापिता ब्रह्म कुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से पिछले दिनों आंतरिक शक्ति को मजबूत करने पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। क्यारी के सम्मेलन कक्ष मे आयोजित कार्यक्रम में ध्यान और योग के कई सत्र आयोजित किए गए। इस अवसर पर क्यारी के निदेशक डॉ. एकनाथ बी. चाकुरकर ने दैनिक जीवन में मानसिक स्वास्थ्य में सुधार के लिए ध्यान और योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कई भागों में भारी वर्षा हुई। मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि अगले दो दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के कई भागों में भारी से बहुत भारी वर्षा होगी। इस दौरान हवा की गति पचपन किलोमीटर प्रतिघंटा तक हो सकती है। खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को तीस अगस्त तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>